घोड़ा गाड़ी जिसमें बैठी शेरावाली माँ

घोड़ा गाड़ी घोड़ा गाड़ी,
जिसमें बैठी शेरावाली माँ,
चलाने वाला लांगुरिया।
सोने का गढवा गंगा जल,
पानी पियो मेरी शेरावाली माँ,
पिलाने वाला लांगुरिया।

हाथ कटोरी केशर रोली,
तिलक लगाओ मेरी माँ,
लगाने वाला लांगुरिया,
घोड़ा गाड़ी घोड़ा गाड़ी,
जिसमें बैठी शेरावाली माँ,
चलाने वाला लांगुरिया।

चंदन की चौकी में आसन बिछाया,
बैठो मेरी शेरावाली माँ,
बिठाने वाला लांगुरिया,
घोड़ा गाड़ी घोड़ा गाड़ी,
जिसमें बैठी शेरावाली माँ,
चलाने वाला लांगुरिया।

मेरे घर में अमला की डाली,
अमुवा की डाली में झूला पड़ो है
झूला झूले शेरावाली मां,
झुलाने वाला लांगुरिया,
घोड़ा गाड़ी घोड़ा गाड़ी,
जिसमें बैठी शेरावाली माँ,
चलाने वाला लांगुरिया।

हाथ में थाली भोजन वाली,
भोग लगाओ मेरी माँ,
खिलाने वाला लांगुरिया,
घोड़ा गाड़ी घोड़ा गाड़ी,
जिसमें बैठी शेरावाली माँ,
चलाने वाला लांगुरिया।

मैया के दर पर भगत खड़े हैं,
दरस दिखाओ मेरी माँ,
दिखाने वाला लांगुरिया,
घोड़ा गाड़ी घोड़ा गाड़ी,
जिसमें बैठी शेरावाली माँ,
चलाने वाला लांगुरिया।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21368/title/ghoda-ghadi-jisme-baithi-sheravali-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |